5620

सुड़ा-सँगेन

(नव-पल्लव)



दुलाय चन्द्र मुण्डा

सुड़ा-सँगेन

(नव-पल्लव)

कवि

दुलाय चन्द्र मुण्डा

सत्यमेव जयते

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार
राँची द्वारा मुद्रित, 1966

लेखक द्वारा प्रकाशित एवं सर्वाधिकार सुरक्षित

मूल्य : 80/-

प्रकाशन वर्ष : 2012

मुद्रक : आई. डी. पब्लिशिंग, राँची

मिद् टुङ

अञ: जगर को सिंगर सम्पोड़ो केयाते पुथी रे छपवो तन लेल केत् ते मोन रे पुर: गे रसिकञ अटकर जदा। ने "सुड़ा-संगेन" सुड़ा संगेन बारि गेया। नेरे नागें बा रेय: सोबन मेन: आर नागे सकम रेय: हेन्दे हरियर। इमिन रेयो ने सुड़ा संगेन जाँ लेकते संगेनो: गेया; चिय:चि इसु सोञ्जोकोते ने रोड़ दारु रे सुड़ा उडुडा कना।

सोबेन दुरङ् कोरेय: हिन्दी मानेयो ओम कना। नेया दुरङ् को हिन्दी जगर रे बादला रे सुगड़ आदित्य मित्र संताली, सुगड़ कड़िया सारू ओड़ो: सुगड़ नारायण प्रसाद सिन्हा, नेलेकन सोंगे कोव: देंगा नमा कना आर एनामेन्तेगे नेय निमुनुङ् सुगड़ बैया कना। ने सोंगे कोव: नेय देंगा चिउलव का रिड़िङो:वा।

कितब नतिन बरिया लेका कजि को ओल रिका रेय: दरकार तैकेना। सुगड़ जगदीश त्रिगुणायत, साहित्य समड़ोमेञ कोय कि:या और इनियो: अय: गोनोङान सोमय नेया ओलरे: लगव केदा। अञ अय: कटा रेञ तिरू बेन तना।

"सुड़ा संगेन" छपवोतन: अयुस केत्ते साहित्य प्रेमी ओड़ो: सेणान् होड़ो को स:ते अकोव: सुगड़ सनङ आशीर्वाद को अञ त: हिजु: जना। एना कोरे डॉ. ललिता प्रसाद विद्यार्थी (राँची), सुगड़ भैया राम मुण्डा (राँची), सुगड़ आदित्य मित्र संताली (राँची) ओड़ो: सुगड़ राम दयाल मुण्डा (शिकागो, अमेरिका) तकोव: को मेन: आर नाको नेय: रेयोञ ओम तदा। नवा जिनिद् ओम को नगेन अञ "अञ: मेद्दः रे बोरसा मेसा तम" आते एट: कजि कञ सनङ तना।

टुण्डुरे, अञ ओकोवा कजि कोते कल्याण विभाग, बिहार सरकारेञ लेकऐया ओकोय चि सरतीगे ने दुरङ को हतु रेय: अखड़ातें दिसुम रेय: अखड़ा रे: तेब: तदा। निय: मनरङ कजि कोरे कञ तोल दड़िय:।

राँची :
28 मार्च, 1966।

दुलायचन्द्र मुण्डा

हिन्दी

एक शब्द

अपनी वाणी को सजधज के साथ पुस्तक रूप में प्रकाशित होते देखकर मन में बड़ी प्रसन्नता हो रही है। यह ''नव पल्लव'' केवल नव-पल्लव है; इसमें न फूलों की सुगन्धि है और न पत्तों की हरियाली। तोभी यह नव-पल्लव किसी न किसी रूप में तो विकसित होगा ही; क्योंकि बहुत मुश्किल से इस सूखे वृक्ष में पल्लव लगे हैं।

सभी गीतों के हिन्दी अर्थ भी दिए हैं। इन गीतों के अनुवाद करने में श्री आदित्य मित्र सन्ताली, श्री कड़िया सारू और श्री नारायण प्रसाद सिन्हा ''जहानावादी'' जैसे साथियों का भरपूर सहयोग मिला है और इसी का परिणाम है कि यह इतना सुन्दर बन सका। इन साथियों का यह सहयोग चिर स्मरणीय रहेगा।

पुस्तक के लिए भूमिका की जरूरत थी। मैंने इसके लिए श्री जगदीश त्रिगुणातय, सहित्यरत्न के सामने अपनी झोली फैलाई और उन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इस कमी को पूरा किया। मैं इनके चरणों में सिर नवाता हूँ।

''सुड़ा-संगेन'' के प्रकाशन की खबर पाते ही साहित्य प्रेमियों और विद्वान लेखकों की ओर से अपनी-अपनी सम्मतियाँ और आशीर्वचन मेरे पास आने लगे। इनमें डॉ0 ललिता प्रसाद विद्यार्थी (राँची), श्री भैया राम मुण्डा (राँची), श्री आदित्य मित्र संताली (राँची) और श्री राम दयाल मुण्डा (शिकागो, अमेरिका) की सम्मतियाँ हैं, जिनको मैंने इस प्रकाशन में दे दिया है। नव जीवन प्रदान करनेवाले इन विद्वानों के प्रति ''मेरे अश्रु में आशा भरी है'' के अलावे कुछ नहीं चाहता।

अन्त में, मैं किन बातों से कल्याण विभाग, बिहार सरकार की प्रशंसा करूँ जिसने सचमुच ही इन गीतों को गाँव के अखाड़े में दुनिया के अखाड़े में पहुँचा दिया है। इनकी महानता को मैं बोली में बाँध नहीं सकता।

—दुलाय चन्द्र मुण्डा

दो शब्द

भारत के ढाई करोड़ आदिवासियों में मुण्डा जाति का महत्वपूर्ण स्थान है। मध्यप्रदेश के आदिवासियों में सबसे अधिक इसी के पास मौलिक संस्कृति सुरक्षित है।* आदिवासियों के स्वतन्त्रता प्रेम का, यही जाति सर्वोत्तम प्रतीक रही है। भारत के जंगली भागों में अनेक कबीलों द्वारा बोली जाने वाली आग्नेय परिवार की भाषाओं का इसी के नाम पर— मुण्डा भाषायें, नामकरण हुआ है।

मुण्डा यद्यपि मध्य प्रदेश, उड़ीसा और बंगाल में भी बसे हैं; किन्तु उनकी जनसंख्या का सर्वाधिक भाग बिहार में ही है—उसमें भी राँची जिले के खूँटी सबडिवीजन में। खूँटी के कुछ भागों में मुण्डा ऐसे अविमिश्रित और असम्पृक्त रूप में रहते आए हैं कि यहाँ के कुछ क्षेत्रों के लोग मुण्डारी छोड़कर दूसरी कोई भाषा नहीं जानते।

यद्यपि मुण्डा का जीवन हजारों वर्षों से अभावों में ही पलता रहा है— इतने अभावों में कि कृषि का सहारा लेकर भी उन्हें जीविका की कमी शिकार और खाद्य-संकलन के प्रारंभिक साधनों से पूरी करनी पड़ती रही है, किन्तु ये सदा से स्वतंत्रता के प्रेमी और संस्कृति के धनी रहे हैं। नृत्य-गान उनकी संस्कृति के मूल-तत्व हैं और थोड़ा-सा खा-पीकर अधिक सन्तुष्ट रहना उस संस्कृति की विशेषता है।

कालान्तर में उनके स्वच्छन्द जीवन में अन्य समुदायों के हस्तक्षेप में न तो इनकी स्वतंत्रता निरापद रही न संस्कृति। उनका आर्थिक शोषण तो हुआ ही, अंगरेजी शासन के नित्य नवीन अभिषापों से तो कभी-कभी उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। किन्तु जब-जब अत्याचार और अनीति का घड़ा भरा, छोटानागपुर के आदिवासियों ने तब-तब अपने शासकों और शोषकों पर अपने स्वतंत्रता-प्रेम का सिक्का बैठाकर छोड़ा। मुण्डा के इसी स्वतंत्रता प्रेम ने भारतीय आदिवासी के सर्वश्रेष्ठ महापुरुष बिरसा भगवान को जन्म दिया।

भारत को मिलनेवाली आजादी ने सारे देश के साथ मुण्डा को भी उसकी चिरवांछित स्वतंत्रता प्रदान की। नये कानूनों ने उसे शोषण से बचाने और नये विकास कार्य-क्रमों ने उसकी अशिक्षा और गरीबी को मिटाने की दिशा में प्रयत्न किये जिसका सिलसिला अब भी जारी है। किन्तु साँस्कृतिक संरक्षण का समुचित प्रयत्न अबतक किसी के द्वारा नहीं हुआ। शिक्षा की चका-चौंध और सम्पर्कों के वात्याचक्र

में पड़ी हुई स्वयं आदिवासी की नई पीढ़ी ने भी पहले धक्के में हथियार ही डाले।

किन्तु अब वह होश में आ रही है। अपनी संस्कृति की रक्षा की चिन्ता उसे सचेत कर रही है।

मुण्डा साहित्य की पुरानी डालों पर एक लम्बी अवधि तक पतझड़ की उदासीनता मनाकर अब नये पल्लव विकसित होने लगे हैं, नये फूल खिलने लगे हैं, इनका अपना 'सरना समाज' इन्हें जगा रहा है, ''सरना-सकम'' (पत्रिका) के नव पल्लवों में इनके स्वर की रूठी हुई कोयल फिर अपनी काकली सुनाने लगी हैं। इन्होंने अनेक बार काव्य-साहित्य की प्रतियोगिताऐ आयोजित की हैं। आकाशवाणी इनके नये स्वरों से स्वरित और क्षेत्रीय पत्र-पत्रिकायें इनके नूतन शिक्षा से अनुरंजित होने लगी हैं। राँची के कवि-सम्मेलनों में इनके भी गीत अपना उचित स्थान ग्रहण करने लगे हैं। तीन चार वर्षों में इनकी कई पुस्तकें प्रकाश में आयी हैं और बीसों कुंवारी पाण्डुलिप्पियाँ पीली साड़ी की बाट जोह रही हैं।

मुण्डा की नई पीढ़ी के कवियों में श्री दुलाय चन्द्र मुण्डा का स्थान अन्यतम है। सादगी, सरलता, अति संकोच और विनम्रता की प्रतिमूर्ति यह सुशिक्षित नवयुवक अपनी कविताओं में भी उतना ही सरल, संकोची और विनम्र है।

श्री दुलाय के गीतों में मिट्टी की वही गन्ध, जंगलों में वही हरियाली और झरनों का वही संगीत विद्यमान है जो सदा से मुण्डा गीतों की विशेषता रही है। विषय-वस्तु और शिल्प दोनों पक्षों में ये अपनी परम्परा के अत्यन्त निकट हैं। वे ही उपमान, वे ही प्रतीक, पंक्तियों की वही पुनरावृत्ति, वे ही छन्द जिन्होंने सारी मुण्डा कविता का श्रृंगार किया है इनकी कविता का भी श्रृंगार कर रहे हैं।

फिर भी इनके गीतों में ताजगी है। पुराने स्वरलय के ये गीत नितान्त नवीन लगते हैं। इनकी अनुभूतियों में गहराई तो है ही, नये प्रयोगों ने इन गीतों में पर्याप्त सौन्दर्य और प्रभाव भर दिया है।

ये सबके सब गीत गेय हैं। कलम की नोक पर उतरने के पहले ये कंठ में स्वरित हुए हैं और प्रकाशन के पहले अनेक गाँवों के अखाड़ों की शोभा बढ़ा चुके हैं।

किन्तु, मुण्डा कविता अब जीवन की नई घाटी में प्रवेश करके अपने प्रवाह को विस्तृत करने के लिये रहा खोज रही है। जैसा कि नये जीवन की मांग है, अब उसमें

शुभकामना

स्वतंत्रता के पश्चात् सरल, स्वस्थ एवं एकान्तवासी आदिवासियों ने भी अँगड़ाई ली है। राजनैतिक जागरण के साथ-साथ उनके समाज में आर्थिक, सामाजिक एवं बौद्धिक परिवर्तन भी शनैःशनैः होना प्रारम्भ हो गया है। आज बिहार की प्रमुख जन-जातियों-संताल, मुण्डा, हो, उराँव, खड़िया आदि में हमें कुछ ऐसे व्यक्तियों से भेंट होती है, जिन्होंने सभ्यता के सोपान पर उठते हुए राजनैतिक, धार्मिक, साहित्यिक, कलात्मक एवं अन्य बौद्धिक विषयों में अपना चमत्कार दिखलाया है। श्री दुलाय चन्द्र मुण्डा उन्हीं इने-गिने आदिवासी युवकों में हैं जो साहित्य के क्षेत्र में अपनी 'परम्परा' की कड़ी को 'आधुनिकता' से सम्बद्ध करने में तन-मन से लगे हैं। उनकी कविता का प्रस्तुत संकलन 'नव पल्लव' में मैं विकसित होने वाला पुष्पित एवं फलित बटवृक्ष का दर्शन करता हूँ जो निश्चय ही साहित्योद्यान में अपना महत्व रखेगा।

'नव पल्लव' हमारे लिए अनेक दृष्टियों से उल्लेखनीय तथा अभिनन्दनीय है। इस कविता संग्रह में हमें एक मुण्डा नवयुवक के साहित्यिक विकास की आत्म कहानी पढ़ने को मिलती है। प्रकृति की गोद में स्थिर मुण्डा गाँव के वातावरण में पलित तथा अखाड़े में लोक-गीत का राग आलापने वाले कवि की कविता में जहाँ एक ओर परम्परा के प्रति आकर्षण है वहाँ दूसरी ओर उनमें परम्परा से दूर भागने की चिन्ता भी। कभी उसे शहर में ''चम्पा फूल तोड़ने का मन करता है'' (गीत न. 80) तो कभी गाँव में ''युवतियाँ नहीं निकलती, जदूर नाच कैसे होगा'' (गीत संख्या 24) का पश्चाताप होता है। फिर एक ओर जहाँ कवि आदिवासी समाजानुकूल श्रृंगारिकता की धारा में ओत-प्रोत है वहाँ दूसरी ओर वह 'भूख और जाड़ा से तबाह' होकर क्रन्दन करता हुआ सरस्वती से सुबुद्धि की भी कामना करता है।

यह मुण्डा सरीखे कवि का ही अनायास काम है जिनमें अपनी संस्कृति और समाज का प्रतिनिधित्व अपनी कविताओं में किया है। कहना न होगा कि हम उनके इस 'नव पल्लव' में उनकी मधुर भाषा, अपने लोक साहित्य के प्रति अटूट प्रेम, परम्परागत समाज के प्रति अगाध कृतज्ञता तथा सामाजिक परिवर्त्तन की नई दिशा का दर्शन करते हैं।

परम्परागत विषयों से आगे बढ़कर जीवन के नये मार्ग पर उठते हुए चरणों की थाप सुनाई देने लगी हैं। समाज के विकास के साथ, साहित्य के क्षेत्र, तदनुरूप साहित्यकार के उत्तरदायित्व भी बढ़ते जाते हैं। अब सिर्फ पुराने गीत नये समाज की प्यास नहीं बुझा सकते। समाज की नई आकांक्षायें कवि-लेखक से अपनी अभिव्यक्ति मांग रही है और जीवन के नये प्रश्न अपने उत्तर के लिये उसे चुनौती दे रहे हैं।

श्री दुलाय का यह पहला गीत संग्रह है। स्वभावत: उनमें जवानी के प्रारंभिक स्वप्नों ने ही स्थान बनाये हैं। किन्तु इन सुकुमार और मनोहर गीतों द्वारा उन्होंने अपनी सामर्थ्य सिद्ध कर दी है। और जब वे अपनी बांसुरी बजाते-बजाते घाटी से चोटी की ओर बढ़ आये हैं तो उनकी आकृति दूर-दूर से भी दिखाई देने लगी है। इसीलिये उन्होंने, नये समाज की आकाँक्षाओं के अनुरूप अधिकाधिक प्रौढ़ रचनाओं के निमित्त अपने काव्य-प्रेमियों की आशा बढ़ा दी है।

राँची :
14 मार्च, 1966

जगदीश त्रिगुणायत

शुभकामना—

बा-जगर सोवन

(पुष्प-भाषा सौरभ)

हेला हो हगञ तम,
बा दरु सुगड़ तम।
गोसो जन मोरसो जन,
सकम सोबेन उरुडु जन।।
"एना चि होम उडु: तन,
सुड़ाओगेया, संगेनो: गेया",
दुलय माली कजिकेद् गेया।।
बा दरु सयद् केद्
बो: गेचए ओमोड केद।
कुड़म होए केटे: केद्।।
नेलेका सुगड़ बा,
निदा सिंगि सोवन बा।
बनो: गेहो बनो: जन,
मुंडि गेचा अञ्जन।।
बा दरु बियुर ते चा,
कोड़व केद् बुटा गेचा।
ओम केद् सरा गेचा,
पटव केद् माली गेचा।।
सुड़ा जना संगेन जना,
मोंय जना बा जना।
बा सोवन सोवन जना,
नवा मालीम उरुम जना।
होड़ो जगर बा दरु,
दरु कोरे सुगड़ दरु।
जोतोनकम ने बा दरु,
नेयागे अञ सनड तन।।

राँची :
26 मार्च, 1966।

भैयाराम मुण्डा

अतएव इन विशेषताओं के कारण 'नव पल्लव' केवल साहित्यकों के लिए ही नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति के अन्वेषकों के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण और उपयोगी कृति है। श्री दुलाय चन्द्र के शिक्षक होने के नाते मैं आशा करता हूँ कि 'नव पल्लव' के 'सौ गीत' कालान्तर में सौ पुस्तकों के रूप में पुष्पित और फलित होंगे। यही हमारा आशीर्वचन है।

डॉ. ललिता प्रसाद विद्यार्थी,
विभागाध्यक्ष,
मानव विज्ञान विभाग,
राँची विश्वविद्यालय, राँची।

ललित निकेतन, राँची :
24 मार्च, 1966।

सन्ताली कवि की शुभकामना

''सुड़ा सँगेन'' के गायक श्री दुलायचन्द्र मुण्डा अपने समाज के प्रतिभाशाली प्रसून हैं जिनकी सुरभि गाँव के अखाड़े से लेकर भारतीय समाज के सार्वजनिक जीवन में भी घुलमिल जायगी, इसमें कोई सन्देह नहीं। इनकी सारी कविताएँ गेय हैं और कवि के मधुर कण्ठ से भी समय-समय पर सुनने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। यह कहने में संकोच नहीं कि इनकी कविताएँ जानदार और शानदार होती हैं। इनके भाव हृदय को छू लेने की शक्ति रखते हैं। इनकी कविताओं में जन और युग की स्पष्ट छाप है जिनसे कोई भी व्यक्ति मुण्डा समाज के हृदय से भलीभाँति परिचित हो सकता है। खुशी की बात है कि सभी कविताओं के अर्थ हिन्दी में भी दिये गये हैं।

मैं श्री दुलायचन्द्र मुण्डा को मुण्डारी भाषा के अग्रणी कवि के रूप में वर्षों से जानता हूँ। वर्षों से वे मेरे अन्तरंग मित्र रहे हैं। वैसे ही इनकी कविताओं से भी मेरा परिचय वर्षों का रहा है। जिस प्रकार श्री मुण्डा का व्यक्तित्व सरल, सौम्य और भावुकता से भरपूर तथा आकर्षक है, उसी प्रकार इनकी कविताएँ भी मन को बरबस आकर्षित कर लेती हैं। अच्छी कृति के लिए किसी प्रकार के विज्ञापन की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं अपने आप में विज्ञापन है।

जब मुझे श्री दुलाय चन्द्र मुण्डा की प्रथम कृति ''सुड़ा संगेन'' के रूप में देखने का अवसर मिला तो मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई। इस प्रथम कृति के लिए श्री दुलाय चन्द्र मुण्डा धन्यवाद के पात्र हैं। भविष्य में हमें इनसे बड़ी-बड़ी आशाएँ हैं। मैं उनकी सफलता की कामना करता हूँ।

आकाशवाणी,

राँची 15वीं फरवरी, 1966

आदित्य मित्र संताली

शुभकामना

अबेन: मोणे हिसि ओनोल को सिदा-सिदाते ''सुड़ा सँगेन'' रेय: रूप रे मरशलो: तना, नेया इतु केत्ते इसु रसिकगे अटकरो: तना। अबेन पुर: गे जोकवो नुतुम बेन सला कदा, आर सोञ्जोकोरे ''सुड़ा सँगेन'' दिपिला कोरेगे ने ओनोल को उड़डो:तना।

कलम रेय: हुड़िञ् ठंवाते ने दुरङ् को अखड़ारेय: जिलिञ् चकर ठँव रे हिजु: तना। ने दुरङ् को अखड़ा दुड़ा लो:गे मुण्डा साहित्य रेय: भाव-भंडार रे नमन मियद् नवा तेय: लेका हिजुगा, नेकाअञ: विश्वास मेन:।..... ओड़ो: अञ: सुगड़ सनङ् कोदो अबेन लो: रेगे मेन:

हिन्दी—

आपकी प्रथम सौ रचनाएँ ''सुड़ा सँगेन'' के रूप में प्रकाशित हो रही हैं यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हो रही है। आपने बड़ी ही उपयुक्त नाम चुना है और संगोम कि ''सुड़ा सँगेन'' के दिनों में ही ये रचनाएँ निकल रही है।

लेखनी की छोटी सीमा से ये गीत अखाड़े के विस्तार में आ रहे हैं। अखाड़े की धूल के साथ ही ये गीत मुण्डा साहित्य भाव-निधि में एक नयी उपलब्धि के रूप में आयेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। ..... फिर हमारी सारी शुभकामनाएँ तो आपके साथ हैं।

राम दयाल मुण्डा
साउथ एशिया लैंग्वेज एन्ड एरिया सेन्टर,
युनिव्हर्सिटी आफ शिकागो,
1130 ईस्ट, 59वाँ स्ट्रीट, फोस्टरहाल,
शिकागो, इल्लिन्वयस 60637,
यू0 एस0 ए0

शिकागो :
7वीं फरवरी, 1966

सुड़ा सँगेन

प्रो0 दुलाय बाबू 1966 ई. कोरे दो मिअद् अका मका नव दंगड़ा दुरं हरिआए तइकेना। एन लेकाते इनिआ: उड़ु: विचारो नव गे तइकेना। एना तेगे जा: अएँआ: दुर्र पुति सुड़ा संगेने: लुतुम केदा। चिलका चि सुड़ा मोतोलोम नव सकम आद संगेन माने मोला सकम कजिओ: तना। नेआ कमि दो अए तेगे जनाओ सिरमा सा तेबा: जनचि होबा इदि तना। ने लेकागे अबुआ: समाज रेन नव दंगड़ा दंगड़ी को सुड़ा संगेन लेका नव सेंड़ा को नमेका आद पुरना एतकन दस्तुर को को बगेका, दुरं हरिआ नेआगे दुरं होराते: उदुब तना। ने बुगिन कमि बुगिन उड़ु: मेनते अञ सा:ते पुरा: पुरा: जोआर आद माइन नमो: का।

प्यारी टुटी
जोजो टोली, खूँटी

बुगिन आसराए को

बोंगा जान दुलाय बाबुआ: ने दुरंग किताब 'सुड़ा संगेन' रे 100 दुरंग को ओला काना। किताब लेल लेरे आटकारो: ताना चि जा: 'सुड़ा संगेन' आर 'बम्बरू' आयार तायोमे: ओल ला:। 'सुड़ा संगेन' सिदा 1966 रे आर बम्बरू 1978 रे। नेरे सामाज रे चालावा कन राग कोरे गे दुरंग ओला काना। मगर नेरे दुलाय बाबुआ: जी, बिर सेंगेल लेका लो ताना। कुड़ाम ओते लेका फाड़ा: ताना। ने किताब रे एना दुकु कोगे रुईद तान लो:ए उदुबा का: बुआ।

मानोवा जी दो बा-साकाम लेका सुड़ा ताना, मायला ताना आर उरुडु गिड़ि ताना।
दुरंग हारिया ईयाम ताना—
ओह!
बा लेकाम आला लेन गातिंग
बा लेका गेम गोसो जाना:....

मंगल सिंह मुण्डा
खूँटी

अनुक्रमणिका

जदुर

गीत संख्या	गीत की पहली पंक्ति		पृष्ठ
1.	हस होड़ोमो चि डोन्डो होड़ोमो	.....	1-2
2.	भारत वृन्दा बिर रे-बा आलाजन	.....	2-3
3.	सिउ: चलु तबु पुरना कमी	.....	3-4
4.	दिसुम समुन्दर दो जिलिमिलिय	.....	4-5
5.	बुरू दोको जुण्डी केद पुतम्....	.....	5-6
6.	सराजोम बा दो अजिना	.....	6-7
7.	अपे दो दिकु सिपई को	.....	7
8.	बिरेते सेन्देरा होञ् सेने केन	.....	8-9
9.	सिउ: चलु बुगिना चि	.....	9
10.	तिकिन सिंगी बुरुञ् रकब लेन	.....	10-11
11.	दुगदा बुरु तेहोञ् रकब लेन	.....	11-12
12.	पुन्डी सयोबेको सेनो: जन...	.....	12-13
13.	सालू सुगा, सालू मैनो रे...	.....	13-14
14.	बिरे तेञ् सेने केन दारु कोञ् लेलद्	.....	14-15
15.	ने ओते दिशुम तल रे ...	.....	15-16
16.	एल रे बारु सुड़ गतिङ् ...	.....	16-17
17.	सोबेन मुली लेले लेरे ...	.....	18
18.	तल होरा रेबु नपम् जन ...	.....	19
19.	बारु सुड़ा दो जेंगेद्-जेंगेद्	.....	19-20
20.	हियातिङ् रेयो मइनम् चका तिङ् रेयो	.....	20-21
21.	जरपी सुसुन् दो दइना सुसुन् सेनो: तन	.....	21
22.	बरँगु बा रेदो होनङ् चम्पा बा रेदो	.....	22
23.	असम सँगिन् दिसुम	.....	23-24
24.	दुगदा बुरु गेलिङ् रकब जन	.....	24-25

25.	सपड़तिङ होरा रे गतिङ् ...	.....	25-26
26.	दा: सोम् सड़ागीरे अयरा	.....	26-27
27.	मणि-मणि ते उड़ु: जीरे बोलोतन	.....	27
28.	इच: बा तेम चिगो मुरुद् बा तेमा	.....	28
29.	सोना लेकन् सराजोम् बए हिजु: लेन	.....	29
30.	इच: बा बा पिड़िद्-पिड़िद् ...	.....	29-30
31.	कुरी: हो कुद सुड़ गतिङ् दो	.....	30-31
32.	हिसिंगा-चेन्ट; मौरा-विषी	.....	32-33

ओर जदुर

33.	फागुन चन्डु: मुलु: जन	.....	33-34
34.	ओचो रेपे तेगया दुति तञ्	.....	34-35
35.	साधु लेका लोंका पोति ...	.....	35-36
36.	गेना—गड़ को जोबेला रे गतिङ्	.....	36-37
37.	कबु एपेरङ् कबु एपेसेद ...	.....	37
38.	जिलिमिलि तन् ने इपिल् ...	.....	38
39.	जदुर सुसुन् निरे दौड़ी दादा	.....	39-40
40.	बा लेकम् आला लेन गतिङ्	.....	40-41
41.	कुरू जाँगल दिसुम रे गतिङ्	.....	41-42

करम

42.	सिद रेय: चली-बाली	.....	42-43
43.	गड़ नेस: गड़ हन्स:	.....	43-45
44.	सके रे रुतु सड़ी तन	.....	45-46
45.	तिसिङ् अञ् दो इसु दुकु	.....	46-47
46.	ओहरे तञ् सुगड़	.....	47-49
47.	तिरि-रिरि रुतु ताल	.....	49-50
48.	ओको तेरे ओको छैला	.....	50-51
49.	बा बगैचा रे	.....	51-52
50.	नेते जरगी गम लेद	.....	52-53
51.	रोला डाड़ी रोला: रोलो:	.....	53-54
52.	बिर होरम् हिजु: लेन	.....	54-55

53.	ओकोरेन होड़ो इदो	.....	55-56
54.	उरी: चिरेम गुपी तन	.....	56-57
55.	अखोन्डो बिराते	.....	57-58
56.	चिक लेरे बैयो:व ...	.....	58
57.	बारुडीह जोजो टोलारे	.....	59
58.	ने खोलम् चिक जन	.....	59-60
59.	बुरु गड़ जप: रे	.....	61-62
60.	नेक-नेक गतिङ्	.....	62
61.	चिकन् होयो हिजु: लेन	.....	63
62.	तीरे दो साका चूड़ी	.....	64
63.	डुलकी लो: दुरङ् रे रसिक:	.....	65
64.	दुरङ्ो बु दुरङ् केद	.....	65-66
65.	बिर तबु चब तन	.....	66-67
66.	रुवड़:म् चि कम् रुवड़:	.....	68
67.	ने साल चिबु चिकजन	.....	69
68.	अबु सोबेन आदिवासी	.....	69-70
69.	ओको जोला रे गतिङ्	.....	70-71
70.	हिजु गञेम् मेन् तुकद	.....	72
71.	हग-हग पाग जन	.....	73-74
72.	पीटी-पीटी ककला जन	.....	74-75
73.	श्री वृन्दा बिर वितर	.....	75-77
74.	बुरु को सके रे	.....	77-78
75.	पेटे: पतड़ सकम् लेक	.....	78-79
76.	इसु दिन् बु होब जन	.....	79-80
77.	बा को बगैचारे	.....	81
78.	बा चन्डु: हिजु: लेन	.....	82-83
79.	होरा अतोम् चम्पा दारु	.....	83-84
80.	होरा अतोम् चम्पा दारु	.....	83-85
81.	होरा अतोम् चम्पा दारु	.....	85-86
82.	बिर बितर बा सुब	.....	86-88

83.	ओचो-ओचो मुकुन्द मुरारि	.....	88-89
84.	नेरे निःञ् हिय कन	.....	90
85.	बुरु को टिकुरा रे	.....	91-92
86.	चिमिनेम् दण लगन	.....	92-93
87.	जेटे सिंगी कले कले रे	.....	93-94
88.	जरगी दः तेबः जन	.....	95-96
89.	दाः दोरे गम तन	.....	96-97
90.	इचः रसी बा रसी	.....	97-98
	मागे		
91.	मोदे तुक होने को	.....	98-99
92.	बाबा एंग, कोदे एंग ...	.....	99
93.	लङ् चेणे! कलेगा	.....	100
94.	ने ईचाः बा दो	.....	100-101
95.	बा को बगैचारे	.....	101
96.	हेसः जरोम् चब जन मैनोजी	.....	101-102
97.	बिर सान् दो चब जन	.....	102-103
98.	मागे तन् मागे तन्	.....	103
99.	बुरु को टिकुरा रे	.....	104
100.	बुरु जपः जपः ते किंकोड़ो को इयम	.....	105

सोरोसोती विनोती

1. जदुर

हस होड़ोमो चि डोन्डो होड़ोमो
मानव को दो रे ले डोन्डो गेय।
हस होड़ोमो चि डोन्डो होड़ोमो
सुगड़ सेण कले नमन् गेया।

मानव को दो रे ले डोन्डो गेय
रेंगे:-रबङ् तेले हाय-हाय तन।
सुगड़ सेण कले नमन् गेय
सुगड़ सेन मा ले असरए तन।।

रेंगे: रबङ् ते ले हाय-हाय तन
निद सिंगी अम्ले गोहारी तन।
सुगड़ सेण मा ले असरए तन
कट सुब रेले तिरूबेन् तन।।

अमग: मनारङ् अर सुगड़ सेण
जेता लेक कजी रेयो क टुन्डु: गेय।
कट सुब रे ले तिरूबेन तन
अलेय: बिलिक रन: पुरय मेग ।।

—खूँटी, जनवरी, 1958।

(हिन्दी)

सरस्वती वन्दना

मिट्टी का शरीर जो मूर्खरुपी पुतला है,
हम मनुष्य अत्यन्त ही मूर्ख हैं।
मिट्टी का शरीर जो मूर्खरुपी पुतला है,
सुबुद्धि की हम में कमी है ।।

हम मनुष्य अत्यन्त ही मूर्ख हैं
भूख और जाड़ा से तबाह हो रहे हैं।
सुबुद्धि की हममें कमी है
हे मा! सुबुद्धि की हम आशा करते हैं।।

भूख और जाड़ा से तबाह है
रात-दिन आप की स्तुति करते हैं।
सुबुद्धि की हम आशा करते हैं
आप के चरणों में सिर नवा रहे हैं।।

आपको प्रशंसा (और) आप के ज्ञान की प्रशंसा
(हे मां !) अकथनीय है।
आप के चरणों में सिर नवाते हैं
हे मां ! हमारी करुण पुकार पूरा कीजिये।।

2. जदुर

भारत-वृन्दा बिर् रे बा आला जन
गुतु लेय हो बु गलङ् लेय;
नेहरू काका तबुए दुरङ् तन
अयुम् लेय ते बु तेल लेय।

इसु सुगड़ बाको आला कन
गुतु लेय होबु गलङ् लेय;
इसु सुगड़ काका दुरङ् तन
अयुम् लेय तेबु तेल लेय।

मोगो-मोगो बा को सोवन् तन
हुरुम्-सुकु, नीली को दोपलिन् तन;
इसु सुगड़ काका दुरङ् तन
एल 'चन्दर' संगी तेबु तेल लेय।

—बारुडीह, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

भारत-वृन्दावन में फूल खिले हैं
हम लोग अब गूँथे, पिरोयें;
नेहरू चाचा हमारे गा रहे हैं
हम सुनकर गीत झोंकेंगे।

सुन्दर-सुन्दर फूल खिले हैं
हम लोग गूँथे-पिरोयें;
सुन्दर गीत चाचा गा रहे हैं
सुन कर हम गीत झोंकेंगे।

मह-मह फूल गमक रहे हैं
मधुमक्खी और भँवरे गूँज रहे हैं
बहुत सुन्दर गीत चाचा गा रहे हैं
आओ 'चन्दर' साथ सब झोंकेंगे।

3. जदुर
(मुण्डा)

सिउ: चलु तबु पुरना कमी
मुन्डा जगर तबु जोनोम् जगर
कबु अतुय तबु पुरन पोटोम्
जोतोन् केयतेबु जोगवे, नेय अञ: जगर।

इसु गोनोडन पूँजी तबु
टाका पैसाते किरिङ्कनमोग।
नेकन् पुँजी कबु अदेय तबु
जोतोन् केयते बु जोगवे, कनमोग।

(हिन्दी)

कृषि कार्य हमारा आदि पेशा है
मुण्डा बोली हमारी जन्म भाषा है;
पुरानी पूँजियो को नहीं बहायेंगे
मेरा कहना है, यत्न से रखेंगे।

ये बहुत ही मूल्यवान चीज हैं
रूपये पैसे से मोल नहीं मिलेंगी;
ऐसी पूँजियों को कहीं खो नहीं देंगे
यत्न से रखेंगे, नहीं मिलेंगी।

—बारुडीह, अप्रैल, 1959।

4. जदुर

दिशुम् समुन्दर दो जिलिमिलिय
दुकु-सुकु कोगे ओयरेन तन;
तल टुकु रे अञ् दोञ् केसेद्जन
अतोम् उड़डेञे बलय तन।

दुकु सुकु कोगे ओयरेन् तन
आञे मुली तेको हिजु: तन;
अञ: जिदो बोले अलय-बलय
कोत: कोरे जी तञ् ओटड् कन।

अपिर पेड़े: प्रभु ओमञमे
अतोम् दिशुमे तेञ् अपिर उड़डेन्
अम: जुड़ी कट रे चन्दर तिरु बकन
अतोम् दिशुम ते उड़डो: नगेन्

—बारुडीह, अप्रैल 1959।

(हिन्दी)

देश रुपी समुद्र झिल-मिला रहा है
(जिसमें) दुख और सुख ही तैर रहे हैं;
बीच के टीले पर मैं घिर गया हूँ
किनारा पाना मुझ से असम्भव हो गया है

दुख और सुख तैर रहे हैं
मेरी ओर ही आ रहे हैं;
मैं अत्यन्त ब्याकुल हूँ
मेरा जी कहाँ-कहाँ उड़ रहा है?

हे स्वामी! उड़ने की शक्ति दे दे
(ताकि) किनारे की दुनिया में उड़कर निकलूं
आप के युगल-चरण पर चन्द्र (कवि) सिर झुकाया है
किनारे की दुनिया में उड़ने के लिये (वर मांग रहा है)

5. जदुर

बुरु दोको जुन्डी केद पुतम्
ओको रेलङ् अतिङ असुलेन्
बन्दा दोको पोङे केद बुदुहाई
चिमय रेलङ् ओयरेन् असुलेन्।

अलङोलङ् सतीन पुतम्
ओकोरेलङ् अतिङ् असुलेन्
नेरे गेलङ् अतुन बुदुहाई
चिमय रेलङ् ओयरेन् असुलेन्।

रसिक दिशुम् उडर जन नेय
रेंगे: तेतङ् चिमिन् दुकुजला;
पुतम् लेका गेको सतीन् तन
हाईको लेका गेको अतुन् तन।

—बारुडीह, अप्रैल 1959।

(हिन्दी)

पहाड़ तो जला दिया गया हे पंडुक!
हम दोनो कहाँ अब चारा पानी ढूँढ़ेंगे?
बावली तो तोड़ दिया है बुदु मछली!
हम दोनों कहाँ तैर कर अब गुजर-बसर करेंगे?

हे पांडुक! हम दोनों भी इसी में सती हो जायें
हम दोनों कहाँ चारा-पानी ढूँढ़ेंगे?
इसी धारा में समा जायें हे बुदु
हम दोनों कहाँ गुजर-बसर करेंगे?

"रसिक" (कहता) है, यह शान्ति का देश अब गुजर गया
गरीबी ने भीषण ज्वालायें बुन दी हैं,
लोग पंडुक की तरह चारा-पानी के लिये मर रहे हैं
मछलियों की तरह धारा में बह रहे हैं।

6. बादुरङ्
(जदुर)

सराजोम् बादो अजिना, बाबु गिनादो अजिना।
सुड़ा संगेन् दो अजिना, डाली निराला।

बाबु गिनादो अजिना, बाउरय बरया अजिना।
डाली निरालादो अजिना, डाली तिञ्जरतोंजोर।।
उराय बराया अजिना, बा गुतु लेका में अजिना।
डाली तिञ्जर तोंजोर अजिना, डाली गलङ् लेम।।
मोदे सुतम् बरे सुतम् अजिना, बा गुतु लेका में।
मोदे चरि: बरे चरि: अजिना, डाली गलङ् लेकामे।।

—बारुडीह, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

साल का फूल तो हे दादी बहुत सुन्दर हैं!
पल्लव तो हे दादी, पल्लव सुकोमल हैं!!

फूल बहुत सुन्दर है, गह-गहाकर खिले हैं।
पल्लव सुकोमल हैं, पल्लव झिलमिल कर रहे हैं।।

गह-गहा कर खिले हैं, फुल गूँथ लो हे दादी!
पल्लव झिलमिल कर रहे हैं, पल्लव पिरो लो।

एक सूत दो सूत तक, फल गूँथ लो।
एक कड़ी-दो-कड़ी तक, पल्लव पिरो लो।।

7. जदुर

अपे दो दिकु सिपई को
अञे दो सीउ: चलु होड़ो
अलोरेपे दिकु दिकुञ
दिकु कजी कञे इतुवान्

—बारुडीह, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

तुम सब दिकुओं के सिपाही हो
मैं तो किसान आदमी हूँ,
तुम लोग मुझको दिक मत करो
मैं दिक-दिक करना नहीं जानता हूँ।

8. जदुर

बिरेते सेन्देरा होञ् सेने केन
पोटो: जनुमतेञ् जनुम् जन;
कटा चन्डाङे होञ् बलय जन
ओड़: रूवड़ राटीञ बलयजन।

तिकिन् सिंगी सोमय तै केन
गोट बिरे राटी सि: सोड़ोए जन;
अलय-बलय बोले जेटे तन
चुपद् जप: रेहोञ् हेपादेन् जन।

होरा अतोम् उली अम्बरय रे
तोवउ अरकुदे होकिञ जगर तन;
दुकु-सुकु सोबेन् जमा रेगे
बिधि देरङे होए ओल तद।

—बरुडीह, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

शिकार करने में जंगल गया था।
पोटो: काँटा मेरे पैर में गड़ गया;
पैर आगे बढ़ाना मुश्किल हो गया
घर लौटना भी असम्भव हो गया।

दो पहर का समय था —
सारा वन सुनसान था;
व्याकुल कर देनेवाली धूप थी
छोटी सी झाड़ी में मैंने शरण ली।

रास्ते के किनारे की अम्बराई में
कोयल और कटफोड़वा बात कर रही थीं
दु:ख-सुख सब एक (में) है
विधाता ने ही ऐसा लिख दिया है।

9. जदुर

सिऊ: चलु बुगिन चि नोकरी-चाकरी नपय
सिऊ: चलु कोदो हो को सिकिद् सिकिद्।
सिऊ: चलु बुगिन चि नोकरी-चाकरी नपय
नोकरी-चाकरी कोदो होको चाली-बाली।।

सिऊ: चलु कोदो होको सिकिद्-सिकिद्
निद-सिंगी ते को कामी तन।
नोकरी-चाकरी कोदो होको चाली बाली
दुबे-दुबे तेको जो में तन।।

—बारुडीह, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

जोतने कोड़ने का काम अच्छा है कि नौकर-चाकर रहना
किसान लोग तो हमेशा काम करने में परेशान हैं।
जोतना-कोड़ना अच्छा है कि नौकर-चाकर रहना
नौकरी-चाकरी करने वाले तो चहल-पहल दिखाई पड़ते हैं।

किसान लोग तो काम करने में परेशान हैं
वे रात-दिन खट कर काम करते हैं।
नौकरी-चाकरी करने वाले चहल-पहल दिखाई पड़ते हैं
और, बैठ-बैठ कर आराम से रहते खाते हैं।

10. जदुर

तिकिन् सिंगी बुरूञ् रकब् लेन
बारू उम्बलेरेञ् उम्बुल केन;
बारू उम्बलेरेञ् दुरङ् केन
पिजोड़ी: चेणे दुरङ् दुनुवण केन
पिजौड़ी:चेणे दुरङ् दुनुवण केन।

पिजोड़ी:चेणे दुरङ् दुनुवण केन
तो वउ चेणे मुरली ओरोङ् केन;
तारा बड़े दारू दाड़ा रे
कुदे चेणे डुल्की केन।

डिन्डा सोमय चली बली सोमय
पम्पालद् लेक जलातिङ् सोमय
बुरू टिकुरारे दुरङ् बेड़ मो नेय
दारू डम्बुले कोरे रसिक जगर मोनेय।

—दुगदा बुरू, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

दोपहर को मैं पहाड़ चढ़ा था
और कुसुम की छाया में बैठा था;
कुसुम की छाया में मैंने गाया
जिसको पिजोड़ी: चिड़िया ने दुहराया।

पिजोड़ी: चिड़िया ने इसको दुहराया
कोयल ने मुरली छेड़ी
वट वृक्ष की एक डाल पर
कटफोड़वा ने ढोलक पर ताल ठोकी।

कुवाँरी का समय चहल-पहल का समय
तितली-सा उड़ने-फिरने का समय;
मुझको मन करे पहाड़ों पर गाता फिरना
रसिक जी को मन करे, गाछों की छाया में
संगिनियों से वार्तालाप करना।

11. कुइली

(जदुर)

दुगदा बुरू तेहोञ् रकब लेन
आलाकन् सराजोम् बाञ् लेले लेद;
बाड़े उम्बुलेरेञ् दुबे केन
कुइलिय: कुहू बोलेञ् अयुम् लेद।

आला कन सराजोम् बाञ लेलेलेद
मोगो-मोगो बुगिन बा सोवन तन,
कुइलिय: कुहू बोलेञ् अयुम् लेद
कुइलिया कुहू तंदोञ् रसिकाजन।

मोगो-मोगो बुगिन् बा सोवन तन
हुरूम् सुकु बा चेपे: तन,
कुइलिय: कुहू तेदोञ् रसिक जन
प्रैईली बुले गेहोञ् बुले जन।

—दुगदाबुरू, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

दूगदा पहाड़ मैं चढ़ा
खिले हुए साँखू के फूलों को मैंने देखा,
वरगद की छाया में बैठा
कोयल की कुहुक मैंने सुनी।

खिले हुए शाल के फूल देखे
महमह सुन्दर गन्ध दे रहे थे,
कोयल की कूक मैंने सुनी
कुहू की रट मुझे बहुत प्रिय लगी।

मह-मह को गंध धुली हुई है (हवा में)
मधुमक्खियाँ रस चूस रही हैं,
कुहू की रट मुझे अच्छी लगी
मैं उस तान पर मतवाला हो गया।

12. जदुर

पुन्डी सयोबे को सेनो: जन
दिसुम् अबुअ: दो रड़ जन,
दिसुम् तबु अबुअ: जन
सँगी-पति तेबु सबे रूड़य।

दिसुम् तल रे हुड़िङ् मरङ्
होने-गण तेबु पेरेय: कद,
कबु एपेरङ्ग सुगड़ हग को
मियद् गन्डुरेबु दुब जगर।

मियद् गन्डु रेबु दुबे जगर
पुरना दुमङेबु जुगुतुय,
निली लेक गेबु जमन
हुरूम् सुकु लेकबु दुरङेय।

—बारूडीह, मार्च, 1959।

(हिन्दी)

उजले (चमड़े वाले) साहेब चले गये
हमारा देश अब आजाद हुआ,
गुलामी अब दूर हो गई
सब मिल कर फिर से देश सम्भालें।

देश में छोटे-बड़े सब हैं
(भारत मां के) बाल-बच्चे ही हैं,
लड़ाई झगड़े नहीं करेंगे भाई
एक पीढ़े पर आओ बैठ कर बात करेंगे।

एक पीढ़े पर बैठ कर बात करेंगे
पुराने माँदरों की मरम्मत करेंगे,
भँवरे की तरह संगठित हो जायँ
मधुमक्खियों की तरह मधुर गीत गायेंगे।

13. जदुर

सालू सुगा, सालू मैनो रे
मैनो दोको आटा कियःरे;
सालू सुगा, सालू मैनो रे
सुगा दो को जुड़ः कियःरे!

मैनो दोको आटा कियःरे
चेतन् टोला हेसः जरोम् रे;
सुगा-दोको जुड़ः कियःरे
लतर् टोला बड़े गद्र रे।

हियतिङगे मोनिङरे
ओकोय देरङ आटा कियःरे
चकातिङ गे सनञ रे
चिमय देरङ जुड़ः कियःरे।

—बारूडीह, जनवरी, 1959।

(हिन्दी)

सालू सुग्गा और सालू मैना!
मैना मेरा फँसा लिया गया!
सालू सुग्गा और सालू मैना
मेरा सुग्गा बझा लिया गया!

मेरा मैना फँसा लिया गया
ऊपर टोले के पके पीपल पर;
मेरा सुग्गा बझा लिया गया
नीचे टोले के गदराये बरगद पर

चिन्ता करने की इच्छा होती
जाने किसने फँसा लिया!
पश्चाताप करने का मन करता
जाने किसने बझा लिया।

14. जदुर

बिरेतेञ् सेने केन दारु कोञ् लेलद्
गोसो तन, मैला तन सोबेन दारू;
कुड़म् बितारेरे जी लिपिर केन
अञः जी वो बोले गोसो जन।

हुड़िङ दिने सिदञ् सेने केन
हेन्दे हरियरेञ् लेले-लेदः
चेड़े चिपरूब् को गोले-दुरङ
अञः जीवो बोले आला लेन।

सिरमा जेटे अर लोलो होयोते
पुराना पान्डु सकम् ऊरूडु तन;
ओते रे हुड़िङ मरङ सोबेन् दारू
रोवोड़ो डुटु लेक लेलो:तन

—बारुडीह, दिसम्बर, 1958।

(हिन्दी)

मैं जंगल गया था, गाछों को देखा
सभी मुरझा रहे थे, मैला हो रहे थे;
छाती में हृदय धड़कने लगा
मेरा मन भी मुरझा ही गया!

कुछ दिन पहले गया था
हरियाली छायी हुई थी;
पक्षी चहक रहे थे
मेरा मन भी खिला हुआ था।

गर्मी और लू से
पुराने पीले पत्ते झड़ रहे हैं;
धरती के छोटे-बड़े सब पेड़
सूखे तरू से ठूंठ लगते हैं।

15. जदुर

नेओते दिशुम तल रे
हटी किसिम् बा मेन ग;
हे गतिङ्ग सोना मुनीरे!
ओको बारे जिगे सुकुम।

जुही, चमेली इच: अटल बा;
कुटी, कोदोम् हरि तोवा बा;
हे गतिङ्गसोना मुनी रे!
ओको बारे जिगे सुकुम।

तिसिङ्ग दोम् चिक जन
पेटेः पतड़ सकम् लेकम् गोसो जन;
हे गतिङ सोना मुनीरे!
जेतन् बारे अमः सुकु बनोग।

—बारूडीह, अगस्त, 1958।

(हिन्दी)

इस धरती के बीच में
किस्म-किस्म के फूल हैं।
हे प्रिये सोना मुनी!
किस फूल में तुम्हारा मन है?

जूही और चमेली, धवई और अटल फूल
कुटी और कदम, हरि और तोवा फूल;
हे प्रिये सोना मुनी!
इनमें किस फूल में तुम्हारा मन है?

आज तो तुम क्या हो गई?
तोड़ी हुई पत्ती-सी मुरझा रही हो;
हे प्रिये सोना-मुनी!
किसी फूल में तुम्हारा मन नहीं है।

16. जदुर

एलरे बारू सूड़ गतिङ्ग!
कचिरेम् हियतिङा;
एलरे कुद सूड़ सगञ्
कचिरेन् चकातिङा।

संगिन् दिशुम् रेम् पन्डिल् जन
कचिरेम् हिय तिङा;
जिलिङ गमय रेम् चोलङ जन
कचिरेम् चका तिङा।

हियतिङ रेयो गतिङ रे
कारे हिजुग रे सिद लेकन् सोमय;
चकातिङ रेयो संगञ् रे
कारे रूवड़: सिद् लेकन् नुसड़।

कारे हिजुगरे सिद् लेकन् सोमय;
मोस गे गतिङेरे डिन्डा सोमय।
कारे रुवड़:रे सिद लेकन नुसड़।
मोसगे सगञ् रे डँगुव नुसड़

—बारूडीह, अगस्त, 1958।

(हिन्दी)

हे कुसुम कोंपल प्रिये!
क्या तुमको कोई चिन्ता नहीं है?
हे जामुन कोंपल प्रिये
क्या तुमको कोई अफसोस नहीं है?

दूर देश में तुम फेका गई
क्या कोई चिन्ता नहीं है?
दूर देश में छितरा गई
क्या कोई अफसोस नहीं है?

चिन्ता करोगी तो भी प्रिये!
पहले का समय तो अब नहीं आयेगा;
फिक्र करोगी तो भी प्रिये!
पहले की अवस्था नहीं आयेगी।

प्रिये! पहले का समय नहीं आयेगा
एक ही बार कुवाँरापन!
पहले की अवस्था नहीं लौटेगी
एक ही बार अविवाहितावस्था।

17. जदुर

सोबेन् मुली लेले लेरे
लेलोग पिड़ी पदिल;
मिदे सोमय तैकेन—
बिरेते ओते दलोब् लेन।

बिरेते ओते दलोब् लेन
सिंगी राटी हो निद लेन;
ओते रे मानव होन
सिंगी मरेसल् को दण केन।

हियतिङगे मोनिञ
नेकन् बिर उजड़ जन;
चकातिङ्ग गे सनञ
बिर जातिगे डुबव तन।

—बारूडीह, सितम्बर, 1958।

(हिन्दी)

सब करफ देखने से
टांड़ ही टांड़ दिखाई देता;
एक समय था
जंगल से धरती ढकी थी।

जंगल से धरती ढंकी थी
दिन तक रात रहती थी;
धरती पर लोग
सूर्य की रोशनी खोजते फिरते थे।

पश्चात्ताप करने का मन करता
ऐसे जंगल उजड़ गये;
अफसोस करने का मन करता
जंगल का नाम ही डूब रहा है।

18. जदुर

तल होरा रेबु नपम् जन
दुकु सुकु दोबु कुपुलि जन;
अपेय: हतु तबु ओको दिशुम
इसु सँगिन तेञ् हिजु:तन।

मरङ गड़ होले परोम् तद
बुरू, गुटू टिकुराले रकब तद;
जोजो पिड़ि होले सेन् परोम् तद
इसु सँगिन तेले हिजु: तन।

(हिन्दी)

बीच रास्ते में मुलाकात हो गई
दुख और सुख के विषय में तो पूछताछ हुई:
आप लोगों का ग्राम-देश कहाँ है?
मैं तो बहुत दूर से आ रहा हूँ।

बड़ी नदी पार कर हमलोग आये हैं
उपवन होते हुए पहाड़ पार किये
ईमली टांड़ पार करते हुए आये
हमलोग बहुत दूर से आ रहे हैं।

19. जदुर

बारू सुड़ा दो जेंगेद्-जेंगेद्
अञ् दो होञ् तुंगुर-मुंगुरा;
जुम्बड़ बितररे चेणे को चेरेबेरेय,
जी बितररे तञ् जी अकल् बकला।

नेकन् सोमय रे हगम् उकुन् जन
निदा सिंगी जी तञ् सेरे तन;
दिसुम् होड़ो को लन्द-जगर तन
हिजु:सेनो:तन को गोले दुरङ तन।

बा लेकन् सोमय रेम् उकुन जन
बालेकगे हो आला कनोः मे
ने लेपेल दिसुम तेम् दनङःजन
भोगोमन् कोयों रेः इनुङःबेड़ा मे।

—बारूडीह, मार्च, 1960।

(हिन्दी)

कुसुम के पोंपलों की लालिमा देख कर
मैं बेसुध हो जाता हूँ।
झुरमुट में चिड़ियां चहकने लगती हैं
मन में व्याकुलता छा जाती है

ऐसे समय में हे भाई! तुम छोड़ गए।
रात दिन मेरा जी गल रहा है।
दुनिया के लोग हँस-बोल रहे हैं
आते जाते हैं, सिसकारते गाते हैं

फूल जैसे समय में छिप गये
सारा देश अंधकार हो गया
छिप गये कि किसी ने छिपा लिया
पर भगवान तुमको गोद में खेलाता रहे।

20. जदुर

हियातिङ रेयो मइनम् चका तिङ् रेयो
बा गुतु कोदो ओड़ोः कम् नमे गेय।
हियातिङ् रेयो मइनम् चका तिङ् रेयो
पम्पा लद् लेक ओड़ोः कम् जला तिङ् गेय।।

बा गुतु कोदो ओड़ोः अलोम हियतिङ।
ओड़ाःजना गोमे, दुवर जन।
पम्पा लद् लेका ओड़ोः अलोम् चकातिङ।
चन्टु जना गोमे लुन्डिः जन।

—बारूडीह, दिसमबर, 1959।

(हिन्दी)

चिन्ता करोगी, पछताओगी; तो भी
फिर फूल गूंथ नहीं पाओगी।
चिन्ता करोगी, पछताओगी
तो भी तितली की भाँति फिर नहीं उड़ पायोगी।
फिर फूल गूँथ नहीं पाओगी
क्योंकि तुम घर हो गई, द्वार हो गई (शादी हो गई)
तितली की भाँति फिर नहीं उड़ पाओगी
क्योंकि, घड़ा और लाकुर बन गई (मालकिन बन गई)

21. जदुर

जरपी सुसुन् दो दइना सुसुन् सेनोः तन।
जदुर सुसुन् दो दइना सुसुन् हिजुः तन।।
मागे मन्डी जोम् केयते जरगा सेनोः तन।
बा मन्डी जोजोम् नगेन् जदुर हिजुः तन।।
जरगा सुसुन् दो दइना, हम्बुदे सनञ्।
जदुर सुसुन दो दइना गुंगू देगेमोनिञ।।

बारूडीह—दिसम्बर, 1959।

(हिन्दी)

जरपी नाच तो दीदी नाच अब चला जा रहा है!
जदुर नाच तो दीदी! अब आ रहा है!!
मागे पर्व का भात खाकर अब जरगा नाच जा रहा है।
सरहुल भात खाने के लिए ही अब जदुर नाच आ रहा है।।
जरगा नाच तो दीदी! आलिंगन किये रहने का मन करता है।
जदुर नाच तो दीदी! छाती में दबाये रहने का दिल करता है।।

22. अम् होनङ्!

बरँगु बा रेदो होनङ चम्पा बा रेदो
सोवन् तेगे अमेञ् अगम मेया;
इच: बा रेदो होनङ् मुरुद् बा रेदो
सँगिन ते अमेञ् दुरूम् मेया।

सोवन तेगे अमेञ् अगम् मेरे
सेने होरा कोरेञ् दारोम् मेतेय
सँगिनते अमेञ् दुरूम् मेरे
रँगा गमेछाञ् ओट डेय।

—बारूडीह, मार्च, 1960।

यदि तुम

यदि तुम बबुल या चम्पा फूल होती तो
मैं गंध से ही तुमको पहचान लेता।
यदि तुम धबई या टीसू फूल ही होती तो
दूर से ही मैं तुमको पहचान लेता।

गंध से ही मैं तुम को पहचान लेता
तो मैं रास्ते में ही तुमसे मुलाकात करता।
दूर से ही मैं तुमको पहचान लेता तो
मैं भी रंगीन गमछा उड़ाकर तुमको सचेत करता।

23. दुकु तन हग लतिन

(जदुर)

असम् सँगिन् दिसुम्
मदे तेदो हग कञ् लेले मेय;
दुकु रेमा चिहो सुकुरेका
लुतुर तेदो हग कञ् अयुम्मेय।

मेदे तेदो हग कञ् लेलेमेय
लिका तेगे हगञ् लेलेमेय;
लुतुर तेदो हग कञ् अयुम्मेय
कजि चल कजि तेगेञ् अयुम्मेय।

लिका तेगे हगञ् लेलेमेय
ओड़ो: दोज: कञ् लेलेमय;
कजि चल कजि तेगेञ् अयुम्मेय
गोटा दिसुम हग कोवाँसी लेलेय।

—बारूडीह, जनवरी, 1960।

(हिन्दी)

आसाम के दुखी भाई के प्रति

आसाम जैसे दूर देश
हे भाई! मैं तुमको नहीं देखता हूँ;
दु:ख में हो या सुख में हो
कानो से तुम्हारी बात नहीं सुनता हूँ।

आँखों से तुमको नहीं देखता हूँ
चिट्ठियों में ही तुमको देखा करता हूँ;
कान से तो नहीं सुनता हूँ
लोगों से ही तुम्हारी बात सुनता हूँ।

चिट्ठी पत्रों में ही तुमको देखता हूँ
लगता है फिर तुमको नहीं देख सकूँगा;
लोगों से ही तुम्हारी बात सुनता हूँ
हे भाई! समूचा देश अंधकार सा लगता है।

24. जदुर

दुगदा बुरू गेलिङ् रकब् जन
उलि मुलि गेलिङ् मुलिन् जन;
उलि उम्बूल् रेलिङ् दुबे जन
हटि कुटि गेलिङ् जगर जन।

दोव कन् रूतु तीरेञ् सबे केद
मिस रूतु जीतेञ् ओरोङ् केद;
बेड़ा रे धँगिड़िको तिंगुन् जन
तिंगु-तिंगु गेको लेपेल् जन।

ओरोङ् मेना गेहोञ् ओरोङ् लेद
ओरोङ् केद: गेहोञ् गुना केद;
कने-कने इसुको हेत केद् लिङ।
पयला किचिरिको दोन्दोवद् लिङ्।

—बारूडीह, मार्च, 1962।

(हिन्दी)

दुगदा पहाड़ पर हमदोनों चढ़ें
और आम की ओर ही बढ़ें;
आम की छाँह में ही बैठें
किस्म-किस्म की बातें करते रहें।

रखी हुई वांसुरी को मैंने लिया
दिल से एक बार मैंने बजाया;
तराई में युवतियाँ खड़ी हो गई
खड़ी-खड़ी एकटक ताकती रही।

मुझे तो बजाना था, अतः बजायाः
लेकिन बजाया यही दोष किया
बार-बार हमदोनों को ताकती रहीं
और आँचल उठा उठा लहराने लगीं।

25. तंगि

(जदुर)

सपड़तिङ होर रे गतिं
चिमिन् होञ् तिंगु तँगिय;
जौ जदुर अकड़ा रे गतिं
चिमिन् हो दुमङ सड़िय।

चिमिन होञ् तिंगु तँगिय
जेतारेयो कमे ले लोग;
चिमिन् हो दुमङ सड़िय
धँगिड़ि को ककी उरुङोग।

जेता रेयो कमे ले लोग
चियः होम् हिड़ि किदिङ
धँगिड़ि को ककी उड़ङोः
चिलक तेबु जदुर सुसुन।

—राँची, जनवरी, 1961।

(हिन्दी)

प्रतीक्षा

चौराहे पर प्रिये कबतक प्रतीक्षा करूँगा!
नित्य जदुर के अखाड़े में, कबतक मांदर बजता रहेगा?

कबतक प्रतीक्षा करूँगा, कहीं भी दिखाई नहीं पड़ती।
कबतक मांदर बजता रहेगा, युवतियाँ निकलती ही नहीं।।

कहीं तुम दिखाई नहीं पड़ती, क्यों भुला दिया तुमने?
युवतियाँ नहीं निकलती, जदुर नाच कैसे होगा?

26. चिमिन् सन्ते!

(जदुर)

दा:सोम् सड़ागीरे अयरा
चिमिने होम् बिजिर् बिजिरेन्!
गुले-गुले इकिररे किकिर्
चिमिने होम् सुइलेन् डबुरनेन्!

चिमिने होम् बिजिर बिजिरेन्
जलोम् होड़ोको गअ: तन;
चिमिने होम् सुइलेन् उबुरनेन्
अटा होड़ोको लासा तन।

जलोम् होड़ोको गअ: तन
मुसिङ: दिने दोको जलोम् मेगे!
आटा होड़ो को लासा तन
मुसिङ: दिने दोको आटा मेगे!

—राँची, फरकवरी, 1961।

(हिन्दी)

कबतक?

दा:सोम के झरने में हे अयरा!
कबतक चमचमाती रहोगी?
गहरे नीले जल में हे किकिर!
कबतक डुबकियाँ लगाती रहोगी?

लोग जाल बुन रहे हैं
शायद एक दिन तुमको फँसा लेंगे;
लोग लासा तैयार कर रहे हैं
शायद एक दिन तुमको बझा लेंगे।

27. जीरे

(जदुर)

मणि-मणि ते उडु: जीरे बोलो तन
नेते पिरिल्-पिरिल् मेद्द: मेद्ते जोरो तन;
मुसिङ दिने दो डिन्डा सोमय बगिङ गेय
चली बाली, सुसुन-करम्, मणि-मणि: ने एणे: तन गेय।

(हिन्दी)

क्षण-क्षण मन में चिन्ता प्रवेश कर रही है
इधर अविरल आँसू आँखों से झर रहे हैं
(क्यों? इसलिये कि)

एक दिन तो जवानी छोड़ देगी
चहल-पहल, रास बिहार मन से
क्षण-क्षण बुझते जा रहे हैं।

कबतक चमचमाती रहोगी
लोग जाल बुन रहे हैं;
कबतक डुबकियाँ लगाती रहोगी
लोग लासा तैयार कर रहे हैं।

28. अम्

(जदुर)

इचः बा तेमा चिगो मुरूद् बा तेमा
बुरू जोला कोरेम् जेंगेद् जेंगेद्
तोवा बा तेमा चिगो अटल बा तेमा
हटिया-हटियातेम् तरल-तरल।

बुरू जोला कोरेम् जेंगेद्-जेंगेद्
हुरूम् सुकु कोचिम् चरा तन;
हटिया-हटिया तेम् तरल्-तरल्
नीली, उरू कोचिम् बुलव तन।

डिन्डा सोमय बारी चली बली
जुड़िन् जन्ते दिसुम् तोले मेया;
कड़ासी रसी मिस पारिड़ि तम्
बसी रसी कड़ासी मेया।

—बारूडीह, मार्च, 1960।

(हिन्दी)

धवई फूल हो कि टीसू फूल हो,
तराइयों में लालिमा बिखेर दी हो?
तोवा फूल हो कि अटल फूल हो,
रास्ते में उज्जवलता बिखेर दी हो?

तराइयों में लालिमा बिखेर दी हो,
क्या मधुमक्खियों को लुभा रही हो?
रास्ते में सफेदी बिखेर दी हो,
क्या भँवरों को फंसा रही हो?

कुवाँरी में ही चहल-कदमी कर लो
जोड़ी होने के बाद तो दुनियाँ तुम्हें बाँध लेगी।
इसलिये, रस कलश एक बार छलका दो
पीछे, वासी रस कलश बन जाओगी।

29. बादुरङ

(जदुर)

सोना लेकन् सराजोम् बाए हिजु: लेन
सोना लेक गेबु जोगव कि:य;
रूपा लेकन् सुड़ संगेने: सेटेर लेन
रूपा लेक गेबु जोतोन् कि:य।

सोना लेक गेबु जोगव कि:य।
मेन्दो तिसिङे दोए बगे जद् बुव;
रूपा लेक गेबु जोतोन् लि:य
मेन्दो तिसिङे दोए रड़ जद् बुव।

—बारूडीह, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

सुनहला सरहुल पर्व आया
हम सोने के समान ही जुगाकर रखें;
चाँदी सा नव पल्लव आया
चाँदी के समान ही यत्न से रखें।

सोने समान ही जुगाकर रखें
पर, आज तो हम सबों की छोड़ रहा है;
चाँदी के समान ही यत्न से रखें
पर, आज तो छोड़ रहा है।

30. जदुर

इच: बा बा पिड़िद्-पिड़िद्
जोलारे: गोले तन
अटल बा बा तरल्-तरल्
कुन्डम् रे: हेपद् कन

जोला रे: गोले तन
अटल बा: मेद्द: जोरो तन;
ने हुड़िङ बकड़ि रे
जेतारेयो सुकु बनोग!

—बारूडीह, अगस्त, 1958।

(हिन्दी)

चम-चम चमकता हुआ इच: फूल
तराई में सिसकारी बजा रहा है।
उजले-उजले अटल फूल
घर के पिछवाड़े में सिसक रहा है!!

तराई में सिसकारी बजा रहा है
अटल फूल के आँसू झर रहे हैं
इस छोटी-सी वाटिका में
कहीं बी स्वछन्द सुख नहीं है।

31. जदुर

कुरी: हो कुद सुड़ गतिङ दो
कुरी: हो कए लेलो: लेलो:।
कुरी: हो बरू सुङ संगञेदो
कुरी: हो कए चिन:ओ-चिन:ओ।

कुरी: हो कए लेलो: लेलो:
कुरी: हो चन्डु: तुर जन
कुरी: हो कए चिन:ओ-चिन:ओ
कुरी हो? इपिल हसुर जन।

सड़ी दो सड़ी तन दुमङ गड़ परोम् टोला रे
एन् रे चि गतिङे रेम् सुसुन् तन।
रूम्वुल् दो रूम्बुल् तन रूतु टुँगरी परोम् रे
एन रे चि संगञेरेम् करम तन।।

एल रे चि गतिङ रे हिजुः को: मे
ने टुनुडु सोमय रेलङ जगर् कोवः!
एल रे संगञ रे सेटेर् को: मे
ने टुनुडु-सोमय रेलङ लपन्द कोवः!

—बारूडीह, अगस्त, 1958।

(हिन्दी)

कहाँ मेरा जामुन कोपलवत् प्रिय?
कहाँ, कहीं नहीं दिखलाई पड़ता!
कहाँ मेरा कुसुम कोपलवत् प्रियतम?
कहाँ, कहीं नजर में नहीं आता!

कहीं नहीं दिखलाई पड़ता है
कहाँ है? चाँद उदय हो गया!
कहीं नहीं नजर में आता है
कहाँ है? संकेत का तारा भी डूब गया!

बज तो बज रहा है, मांदर, नदी के पार के टोले में
हे प्रिय! क्या वहीं नाच रहे हो?
वाँसुरी की तान तो गूंज रही है उस टोंगरी के पार में
हे प्रियतम! क्या वहीं करम नाच रहे हो?

हे प्रिय! आओ तो,
इस अन्तिम क्षण में हमदोनों बात कर लेंगे!
हे प्रियतम प्रगट हो जाओ तो,
इस आखिरी समय में हँस बोल लेंगे!

32. दिशुम रे

(जदुर)

हिसिंग चेंट, मौरा विषी
हिसिंग दो सल कन मरङ जाला।
हिसिंग चेंट, मौरा विषी,
मौरा दो पितिय कन मरङ काला,

हिसिंग दो सल कन मरङ जाला,
हग हग ककी उपरुम् तन।
मौरा दो पितिय कन मरङ काला,
हग जतीरेको जुदन् तन।।

हग हग ककी उपरुम् तन
हग हग रेको सोपोद् तन।
हग जतीरेको जुदन् तन
सयमेद् कोसे मेद् को लेपेल् तन।।

हग हग रेको सोपोद तन
हग: मयोमेको जेम्बेद् जद।
सय मेद्-कोसे मेद् को लेपेल् तन
हग प्रेमे दो को आदे जद।।

—बारूडीह, मई, 1959।

(हिन्दी)

देश में

ईर्ष्या-द्वेष और विष-जहर—,
ईर्ष्या-द्वेष चुना हुआ है महा अन्धा।
ईर्ष्या-द्वेष और विष-जहर—,
विष-जहर तो लक्षित है महा मृत्यु!

ईर्ष्या तो चुना हुआ है महा अन्धा,
भाई-भाई को नहीं पहचानता।
विष तो लक्षित है महा मृत्यु,
भाई-भाई से जुदा हो रहा है।।

भाई-भाई को नहीं पहचानता,
भाई-भाई में लड़ रहे हैं।
भाई-भाई से जुदा हो रहा है,
भाइयों को बुरी दृष्टि से देख रहा है।।

भाई-भाई में लड़ रहे हैं,
भाई-भाई का खून चूस रहे हैं।
भाइयों को बुरी दृष्टि से देख रहा है,
भातृ-प्रेम तो खो रहे हैं।

33. ओर जदुर

फागुन चन्डुः मुलुः जन, सेन्देरा को केड़ा केद।
बा चन्डुः मुलुः जन, बा दो को नेन्डा केद।।

सेन्देरा को केड़ा केद, सार तेको सिंगारा कन।
बा दोको नेन्डा केद, बागे को दारोम् तन।।

सार तेको सिंगरा कन, बिर रेको बोलो जन।
बागे को दारोम तन, इलि मन्डि को जुगुतु तन।।

बिर रेको बोलो जन, बिर बुरु एकेल तन।
इलि मन्डि को जुगुत तन, सोबेन् को कौ बौ तन।।

—बारूडीह, जून, 1960।

(हिन्दी)

फागुन का चाँद निकल आया
शिकार के लिए डंका बजा;
सरहुल का चाँद उदय हुआ
सरहुल पर्व मनाने का दिन निश्चित हुआ।

शिकार के लिए बुलाहट आने लगी
लोग तीर-धनुष से सज गये हैं;
सरहुल पर्व मनाने का दिन निश्चित हुआ
सरहुल पर्व का स्वागत करने लगे (सब)

तीरों से सज गये
जंगलों में प्रवेश कर गये;
सरहुल के स्वागत में
हड़ियाँ और भोजन का प्रबंध करने लगे।

जंगलों में प्रवेश कर गये
वन-पर्वत दहला उठे
हड़ियाँ और भोजन का प्रबंध करने लगे
सभी चहल-पहल में पागल हैं।

34. ओर जदुर

ओचोरेपे तेगया दुति तञ्
ओचोरेपे तृण साया साड़ी।

मिल-मिल मील दुति तञ्
रिग-मिग किरिङ साड़ी।

सुसुन् कोरेञ दुतिय दुतितञ
करम् कोरेञ सड़िय साड़ी!

—राँची, जनवरी, 1961

(हिन्दी)

देखो, मेरी धोती है, पैर से मत रौंदना!
देखो, मेरी साड़ी है, पैर से मत दबाना!

मल मल मिल धोती है मेरी
झिलमिल झिलमिल खरीदी हुई साड़ी है।

नाचने ले जाऊँगा धोती
करम नाचने ले जाऊँगी साड़ी।

35. ओर जादुर

साधु लेक लोका पोति
हुतु हतुए होनोर तन;
कबु कजि जेतन:
सीता सोति: दण तन।

ठोरेपे सोबेन् हग को
बेदा बुवए सरम् ते;

कबु बेदन् गे, कारे
सीताए इदि लोंका ते!

एला हग आदिवासी को
चिरगलाकन् बु तैना;

सीता लेकन् जोनोम् दिसोम्
धोरोम् कोरोम् कबु नशवैय।

—बारूडीह, मार्च, 1960।

(हिन्दी)

साधू के भेष में लंकापति
गाँव-गाँव चक्कर काट रहा है;
हमलोग कुछ भी नहीं बोलेंगे
सती सीता की खोज में है।

ख्याल कीजिए सभी भाइयों?
हिरण से लुभा देगा
लेकिन भूल में नहीं आयें; नहीं तो,
सती सीता को लंका ले जायेगा!

हे आदिवासी भाइयो!
हमलोग सचेत रहेंगे।
सीता के समान जन्म-भूमि,
धर्म और कर्म हैं,
इन्हें नाश नहीं करेंगे।

36. गेना

गड़ को जोबेलारे गतिङ्
अमेचि दुरङ् लेद?
बुरु चेतन् उली सुबरे संगञ्
अमेचि ओरोङ् लेद?
अञे गेञ दुरङ् लेद गतिङ्
अड़: सिदेऽञ् हिजु: लेन;
अञे गेञ ओरोङ् लेद संगञ्
चेणे अटञ् पयर लेन।
अमग: दुरङ् दो गतिङ्
रेङ् को रागे लेका गे;
अमग: रुतुरुम्बुल् संगञ्
जी रे दो गुतुय लेकागे।

—दुगदाबुरु, अप्रैल, 1959।

(हिन्दी)

नदी के दलदल में हे प्रिय!
क्या तुमने ही गीत गाया था?
पहाड़ पर आमके नीचे प्रिय!
क्या तुमने ही बाँसुरी बजायी-थी

हाँ प्रिय! मैंने ही गाया था
साग तोड़ने (वहाँ) आयी थी;
हाँ प्रिय! मैंने ही बाँसुरी बजायी थी
चिड़ियाँ फँसाने आया था?
तुम्हारे गीत प्रिये!
झींगुरों की झंकार-से हैं;
तुम्हारी बाँसुरी-तान प्रिय!
दिल में चुभती-सी लगती हैं।

37. गेना

कबु एपेरङ् कबु एपे सेद
ने कलोम् बा बनोग;
सरजोम् बागे बिर् रे बनोग
समा लुतुर्गे समा सुपिद्गे!
हरे हग को कबु एपेरङ
हरे मिसी को कबु एपेसेद;
सरजोम् बागे बिर्रे बनोग
समा लुतुर्गे, समा सुपिद्गे।
—बारूडीह, मार्च, 1962।

(हिन्दी)

झगड़ा नहीं करें, नाराज न होवें
इस साल फूल नहीं हैं
शाल के फूल ही वन में नहीं हैं
फूल रहित कान और फूल रहित जूड़े ही रहे!
हे भाइयो! झगड़ा नहीं करें
हे बहनो! नाराज नहीं होवें
शाले के फूल ही वन में नहीं हैं;
फूल रहित कान और फूल रहित जुड़े ही रहे!

38. इपिल् गेना

जिलि मिलि तन् ने इपिल्
लन्दा तन लेकः को सोबेन्;
मरति लेल् लेकोम् गतिङ्
